# हरदोई व बाराबंकी की कंपनियों को मिलेंगे 169.60 करोड़

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ :** प्रदेश सरकार औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन योजना के तहत अलीगढ़, हरदोई और बाराबंकी की तीन कंपनियों को 169.60 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करेगी। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शुक्रवार को विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी। अब जल्द ही तीनों कंपनियों को प्रोत्साहन राशि मिल जाएगी।

औद्योगिक विकास मंत्री ने मेसर्स जेके सीमेंट लिमिटेड अलीगढ़ को 21.39 करोड़ रुपये, मेसर्स वरुण बेवरेजेज लिमिटेड

- औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने दी राशि को स्वीकृति

हरदोई को 66.34 करोड़ रुपये व मेसर्स एसएलएमजी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड बाराबंकी को 81.87 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन प्रदान किए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की। नन्दी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले जहां प्रदेश से उद्योग धंधों का पलायन हो रहा था, वहीं योगी सरकार में प्रदेश निवेश का प्रमुख केंद्र बन कर उभरा है। निवेशकों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है।